ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी–फ़ारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्यापरिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 01–03–2019 को अपरान्ह 03:00 बजे की उपस्थिति।

| क्रम | अधिकारियों / शिक्षकों का नाम | पदनाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 मांहरूख़ मिर्ज़ा, कुलपति | अध्यक्ष | [signature] |
| 2. | प्रो0 मो0 सग़ीर बेग अफ़राहीम, उर्दू विभाग, अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अलीगढ़। | वाह्य सदस्य | — |
| 3. | प्रो0 मो0 शफ़ीक अहमद, कश्मीर विश्वविद्यालय, कश्मीर। | वाह्य सदस्य | — |
| 4. | प्रो0 सैय्यद अफ़ज़ल मुर्तज़ा रिज़वी, कम्प्यूटर साइन्स विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली। | वाह्य सदस्य | [signature] |
| 5. | प्रो0 सोमेश कुमार शुक्ल, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ | वाह्य सदस्य | [signature] |
| 6. | प्रो0 विजय वीर सिंह, निदेशक, नीति आयोग पीठ, अर्थशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। | वाह्य सदस्य | — |
| 7. | प्रो0 मसऊद आलम, विभागाध्यक्ष, अरबी विभाग। | आन्तरिक सदस्य | Masood Alam |
| 8. | प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रबन्ध विभाग। | आन्तरिक सदस्य | [signature] |
| 9. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी, विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग। | आन्तरिक सदस्य | [signature] |
| 10. | डॉ0 एहतेशाम अहमद, एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग। | आन्तरिक सदस्य | [signature] |
| 11. | डॉ0 तनवीर खदीजा, एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग। | आन्तरिक सदस्य | [signature] |
| 12. | डॉ0 चन्दना डे, एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग। | आन्तरिक सदस्य | [signature] |
| 13. | डॉ0 फखरे आलम, एसोसिएट प्रोफेसर, उर्दू विभाग। | आन्तरिक सदस्य | [signature] |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | डॉ0 मुशीर अहमद, एसोसिएट प्रोफेसर, व्यवसाय प्रबन्ध विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 15. | डॉ0 अब्दुल हफीज़, असिस्टेंट प्रोफेसर, अरबी विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 16. | डॉ0 प्रियंका, असिस्टेंट प्रोफेसर, गृह विज्ञान विभाग। | आन्तरिक सदस्य | — |
| 17. | डॉ0 मजहर खालिक, असिस्टेंट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 18. | डॉ0 नीरज शुक्ल, असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग। | आन्तरिक सदस्य | |
| 19. | डॉ0 पूनम, असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, प्रतिनिधि एस0सी0/एस0टी0। | आन्तरिक सदस्य | 1/3/19 |
| 20. | श्रीमती रूचिता सुजय चौधरी, असिस्टेंट प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, प्रतिनिधि एस0सी0/एस0टी0। | आन्तरिक सदस्य | 1/3/19 |
| 21. | प्रो0 फहीमुद्दीन | विशिष्ट आमंत्रित | |
| 22. | श्री महेन्द्र कुमार भट्ट, वित्त अधिकारी | विशिष्ट आमंत्रित | |
| 23. | श्री अजय कृष्ण यादव, कुलसचिव | सदस्य सचिव | |

## ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी–फ़ारसी विश्वविद्यालय, लखनऊ की विद्यापरिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 01–03–2019 को अपरान्ह 03:00 बजे का कार्यवृत्त।

पत्रांकः 225 / उअफाविवि / कुसका / 2019 / 49 / 10 दिनांक 01 मार्च, 2019

| उपस्थित : | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 माहरूख मिर्ज़ा, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 सैय्यद अफ्ज़ल मुर्तजा रिज़वी, कम्प्यूटर साइन्स विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली। | वाह्य सदस्य |
| 3. | प्रो0 सोमेश कुमार शुक्ल, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ | वाह्य सदस्य |
| 4. | प्रो0 मसऊद आलम, विभागाध्यक्ष, अरबी विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 5. | प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रबन्ध विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 6. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी, विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 7. | डॉ0 एहतेशाम अहमद, एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 8. | डॉ0 तनवीर खदीजा, एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 9. | डॉ0 चन्दना डे, एसोसिएट प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 10. | डॉ0 फखरे आलम, एसोसिएट प्रोफेसर, उर्दू विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 11. | डॉ0 मुशीर अहमद, एसोसिएट प्रोफेसर, व्यवसाय प्रबन्ध विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 12. | डॉ0 अब्दुल हफीज, असिस्टेंट प्रोफेसर, अरबी विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 13. | डॉ0 मजहर खालिक, असिस्टेंट प्रोफेसर, कम्प्यूटर साइंस विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 14. | डॉ0 नीरज शुक्ल, असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग। | आन्तरिक सदस्य |
| 15. | डॉ0 पूनम, असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग, प्रतिनिधि एस0सी0 / एस0टी0। | आन्तरिक सदस्य |
| 16. | श्रीमती रूचिता सुजय चौधरी, असिस्टेंट प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, प्रतिनिधि एस0सी0 / एस0टी0। | आन्तरिक सदस्य |
| 17. | प्रो0 फहीमुद्दीन | विशिष्ट आमंत्रित |
| 18. | श्री महेन्द्र कुमार भट्ट, वित्त अधिकारी | विशिष्ट आमंत्रित |
| 19. | श्री अजय कृष्ण यादव, परीक्षा नियंत्रक / प्रभारी कुलसचिव | सदस्य सचिव |

माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से कुलसचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा विद्यापरिषद के माननीय अध्यक्ष/माननीय कुलपति व सभी सम्मानित सदस्यों व विशिष्ट आमंत्रित के रूप में उपस्थित प्रो0 फहीमुद्दीन तथा विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी का बैठक में स्वागत किया गया। स्वागत के उपरान्त बिन्दुवार विद्यापरिषद की आकस्मिक बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

## कार्यवाही

**बिन्दु संख्या–1**

**समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारियों के अनुरोध के दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2018–19 में शोध कार्य/पी0एच0डी0 की 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के साथ–साथ बची हुई शेष 50 प्रतिशत सीटों पर शोध कार्य/पी0एच0डी0 हेतु प्रवेश दिये जाने पर विचार।**

निर्णय–

विद्यापरिषद द्वारा समस्त विभागाध्यक्ष/विषय प्रभारियों के अनुरोध के दृष्टिगत शैक्षणिक सत्र 2018–19 में पी0एच0डी0 की 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के साथ–साथ बची हुई शेष 50 प्रतिशत सीटों पर पी0एच0डी0 हेतु प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही पी0एच0डी0 से सम्बन्धित अन्य निर्णय लिये जाने हेतु विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति/अध्यक्ष विद्यापरिषद को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

**बिन्दु संख्या–2**

**अन्य बिन्दु– माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से।**

**बिन्दु संख्या–2.1**

**श्रीमती रूचिता सुजय चौधरी, विषय प्रभारी एवं सहायक आचार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पी0एच0डी0 के सुपरविज़न पर विचार।**

निर्णय–

विद्यापरिषद द्वारा श्रीमती रूचिता सुजय चौधरी, विषय प्रभारी एवं सहायक आचार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अनुरोध के दृष्टिगत उनकी पी0एच0डी0 अवार्ड होने के उपरान्त विश्वविद्यालय में उनके सुपरविजन में पी0एच0डी0 कराये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

**बिन्दु संख्या–2.2**

**विश्वविद्यालय में बी0एस0सी0 (आनर्स) भूगोल का पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने पर विचार।**

निर्णय–

विद्यापरिषद द्वारा विषय प्रभारी, भूगोल के अनुरोध के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत बी0ए0 (आनर्स) भूगोल के साथ साथ बी0एस0सी0 (आनर्स) भूगोल का पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। विषय प्रभारी, भूगोल द्वारा कार्यपरिषद के समक्ष उपस्थित होकर अवगत कराया गया कि बी0एस0सी0 (आनर्स) भूगोल के प्रारम्भ होने से विश्वविद्यालय पर अतिथि शिक्षक का अतिरिक्त व्ययभार नहीं पड़ेगा। साथ ही इससे सम्बन्धित अन्य निर्णय लिये जाने हेतु विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति/अध्यक्ष विद्यापरिषद को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

बिन्दु संख्या–2.3

**विश्वविद्यालय में सत्र 2018–19 में फारसी विषय में पी0एच0डी0 प्रवेश हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित कराये जाने पर विचार।**

निर्णय–

विद्यापरिषद द्वारा विश्वविद्यालय में सत्र 2018–19 में फारसी विषय में पी0एच0डी0 प्रवेश हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित कराये जाने पर सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही इससे सम्बन्धित अन्य निर्णय लिये जाने हेतु विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति/अध्यक्ष विद्यापरिषद को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

उक्त के अतिरिक्त बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

- विद्यापरिषद द्वारा पी0एच0डी0 कोर्स वर्क हेतु चार सदस्यीय समिति बनाने हेतु विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति/अध्यक्ष विद्यापरिषद को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।
- विद्यापरिषद द्वारा पी0एच0डी0 हेतु शिक्षा विभाग से सम्बन्धित एक आवेदक के प्रकरण के निस्तारण हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति/अध्यक्ष विद्यापरिषद को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।
- विद्यापरिषद द्वारा **एम0सी0ए0** एवं **बी0टेक** की 30–30 सीटों पर प्रवेश डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा आयोजित राज्य प्रवेश परीक्षा के माध्यम से तथा **एम0सी0ए0** एवं **बी0टेक** की शेष 30–30 सीटों

पर प्रवेश इस विश्वविद्यालय के माध्यम से दिये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

- विद्यापरिषद द्वारा पी0एच0डी0 कोर्स वर्क हेतु **परीक्षा शुल्क** के रूप में एकमुश्त धनराशि रू05,000/– तथा **लैब शुल्क** के रूप में एकमुश्त धनराशि रू02,000/– लिये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।
- विद्यापरिषद द्वारा शिक्षकों/कर्मचारियों के परिवारजन एवं उनसे सम्बन्धित परिवार के अन्य सदस्यों को प्रवेश में आरक्षण (Weightage) दिये जाने के सम्बन्ध में आगामी व्यवस्था होने तक लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के नियम/शर्तों को अंगीकृत किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।
- पी0एच0डी0 प्रवेश में आरक्षण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांकः 203/उअफाविवि/कुसका/RET/2019 दिनांक 25–02–2019 द्वारा शासन को प्रेषित पत्र के सम्बन्ध में विद्यापरिषद को सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराने के उपरान्त विद्यापरिषद के माननीय सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गयी कि शासन से मार्गदर्शन प्राप्त होने के उपरान्त ही शैक्षणिक सत्र 2018–19 में पी0एच0डी0 की शेष बची 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश सम्बन्धी कार्यवाही की जाएगी।

अध्यक्ष महोदय एवं विद्यापरिषद के सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

01/3

**(अजय कृष्ण यादव)**
**प्रभारी कुलसचिव/सदस्य सचिव।**

**(प्रो0 माहरूख़ मिर्ज़ा)**
**कुलपति/अध्यक्ष, विद्यापरिषद**